कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC

सत्यमेव जयते

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, CIG Marg, N. Delhi-110002
वेबसाइट:www.esic.nic.in / www.esic.in
ईमेल: rajbhasha-hq@esic.nic.in

संख्या : ए-49/16/03/2020-रा.भा. दिनांक : 17/12/2024

सेवा में,

1. बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, द्वारका, नई दिल्ली।
2. अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक/ निदेशक/ प्रभारी संयुक्त निदेशक/ प्रभारी उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय/ उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम।
3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम अस्पताल/ क.रा.बी.निगम आदर्श अस्पताल।
4. संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय/ दंत्य महाविद्यालय/ नर्सिंग महाविद्यालय, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान।
5. निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली/ निदेशालय (चिकित्सा) नोएडा ।

विषय : <u>हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए शील्ड हेतु वर्ष 2023-2024 की प्रविष्टियां आमंत्रित करना ।</u>

महोदय/महोदया,

इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 15.4.2024 के द्वारा निगम की सभी इकाइयों (कार्यालयों/ अस्पतालों/ संस्थानों) से अपने क्षेत्र में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए शील्ड की व्यवस्था के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्र में वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2023-2024 तथा उसके साथ वित्त वर्ष 2023-2024 के दौरान राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को ऑनलाइन भेजी गई चारों तिमाही प्रगति रिपोर्ट की फोटोप्रतियां भेजने का अनुरोध किया गया था। सूचित किया जाता है कि इस संबंध में मुख्यालय में केवल निम्नलिखित इकाइयों से प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं:-

1) **क्षेत्रीय कार्यालय** :- जयपुर, फरीदाबाद, बद्दी, कानपुर, दिल्ली, पटना, इंदौर, अहमदाबाद, मुंबई, चंडीगढ, केरल, गुवाहाटी, गोवा, बेंगलुरु, चेन्नै, कोलकाता, पुद्दुचेरी, रायपुर, झारखंड, भुवनेश्वर ;
2) **उप क्षेत्रीय कार्यालय** :- भोपाल, गुरुग्राम, उदयपुर, ओखला, नोएडा, वाराणसी, रोहिणी, लुधियाना, ठाणे, सूरत, नासिक, पुणे, नागपुर, मरोल, एरणाकुलम, कोल्लम, कोषिकोड, विशाखापत्तनम, मैसूर, बोम्म्सांद्रा, दुर्गापुर, कोयंबतूर, पीण्या, बैरकपुर, जालंधर, वडोदरा ;
3) **क.रा.बी.निगम अस्पताल** :- रायपुर, मानेसर, रोहिणी, अलवर, लुधियाना, राऊरकेला, कोल्लम, राजाजीनगर, पीण्या, चंडीगढ और
4) **राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी**
5) **निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली**

जारी....

यह देखने में आया है कि कुछ इकाइयों द्वारा मुख्यालय के उपर्युक्त संदर्भित पत्र में दिए निदेशानुसार शील्ड प्रपत्र के साथ वित्त वर्ष 2023-2024 की चारों तिमाही प्रगति रिपोर्टों की फोटोप्रतियां प्रेषित नहीं की गई है तथा कुछ इकाइयों द्वारा केवल चारों तिमाही प्रगति रिपोर्ट भेजी गई है लेकिन प्रविष्टि प्रपत्र प्रेषित नहीं किया है। इन इकाइयों के विवरण इस प्रकार है :-

**इकाइयां जिनसे तिमाही प्रगति रिपोर्टें प्राप्त नहीं हुई है अथवा कम रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं :-**

**अस्पताल :-** मानेसर, रोहिणी, लुधियाना, राऊरकेला, राजाजीनगर, चंडीगढ़ ;
**उप क्षेत्रीय कार्यालय :-** गुरुग्राम, ओखला, लुधियाना, ठाणे, नासिक, बोम्म्सांद्रा, कोयंबतुर, पीण्या, जालंधर ;
**क्षेत्रीय कार्यालय :-** दिल्ली, पटना, गुवाहाटी, चेन्नै, इंदौर, झारखंड, भुवनेश्वर, रायपुर, कोलकाता और निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली ।

उपर्युक्त इकाइयों (कार्यालयों/ अस्पतालों) से अनुरोध है कि वर्ष 2023-2024 अवधि (अर्थात जून-2023, सितंबर-2023, दिसंबर-2023 और मार्च-2024) की तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा वे इकाई (कार्यालय/ अस्पताल) जिन्होंने उपर्युक्त प्रतियोगिता में निर्धारित अंतिम तिथि 17 मई, 2024 तक या उससे पूर्व अपनी प्रविष्टि मुख्यालय प्रेषित की है लेकिन उनका नाम उक्त सूची में शामिल नहीं है, वे अपनी प्रविष्टि प्रेषित किए जाने की तिथि के प्रमाण सहित **दिनांक 27 दिसंबर, 2024** तक अपनी प्रविष्टि ईमेल- rajbhasha-hq@esic.nic.in पर पुनः भिजवाने का श्रम करें।

भवदीय,

Signed by Shyam Kumar
Date: 17-12-2024 18:51:55

(श्याम कुमार)
संयुक्त निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि :

वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस पत्र को क.रा.बी.निगम की वेबसाइट पर अपलोड करें।

17.12.2024

संयुक्त निदेशक (राजभाषा)